# मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD)

**स्रोत: PIB**

**मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD)** पहल के तहत **लगभग 4.7 लाख गाँवों का डेटा MGMD पोर्टल** पर अपलोड किया गया है।

## मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD)

- **परिचय:** यह राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (NMCM) के तहत **वर्ष 2023** में शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जिसे **संस्कृति मंत्रालय (MOC)** द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) के सहयोग से कार्यान्वित किया गया है।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य भारत भर में लगभग **6.5 लाख गाँवों की सांस्कृतिक पहचान का दस्तावेज़ीकरण और डिजिटल मानचित्रण** करना है।
    - यह डेटा **MGMD वेब पोर्टल** के माध्यम से **आभासी और भौतिक आगंतुकों** के लिये सुलभ बनाया गया है, जो **राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यस्थल** के रूप में कार्य करता है।
- **गाँवों का वर्गीकरण:** गाँवों को 7 विषयों में वर्गीकृत किया गया है- **कला और शिल्प, पारिस्थितिकी उन्मुख, शैक्षिक (पाठ्य/शास्त्रीय) और महाकाव्य** (रामायण, महाभारत, पुराण), आदि।

## राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (NMCM):

- **IGNCA** द्वारा क्रियान्वित NMCM का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिये **भारत की सांस्कृतिक संपत्तियों** की पहचान करना तथा उनका डिजिटल मानचित्रण करना है।
- यह **कलाकार निर्देशिकाओं, कला रूपों और परंपरा वाहकों की डिजिटल सूची बनाने** तथा कलाकारों के संरक्षण और कल्याण के लिये नीतियों पर ध्यान केंद्रित करता है।

**और पढ़ें..:** मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mera-gaon-meri-dharohar-mgmd-